कार्यालय आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।

पत्र संख्या 504 /आ0लि0–2023–24 दिनांक अगस्त, 07 ,2023

"कार्यालय ज्ञाप"

मेरठ मण्डल के अन्तर्गत नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं शिकायतों की जॉच हेतु निम्न अधिकारियों की मण्डलीय तकनीकी जॉच समिति का गठन एतदद्वारा किया जाता है।

1– अधिशासी अभियन्ता, प्राविधिक परीक्षक, मण्डलीय टी.ए.सी. ग्राम्य विकास, मेरठ मण्डल, मेरठ। — अध्यक्ष

2– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मेरठ। — सदस्य

3– जांच के दौरान, निर्माण कार्यो का मूल्यांकन एवं मापांकन के कार्य हेतु श्री संदीप शर्मा, अवर अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मेरठ को नामित किया जाता है।

तकनीकी समिति के सदस्यों द्वारा नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की नियमित जांच कर अपनी आख्या प्रतिमाह संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे।

सेल्वा कुमारी जे.
आयुक्त,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1– समस्त जिलाधिकारी, मेरठ मण्डल।
2– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ मण्डल।
3– समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, मेरठ मण्डल।
4– नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ/गाजियाबाद।
5– संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को अनुश्रवण हेतु एवं इस निर्देश के साथ कि उक्त समिति से आख्या प्राप्त होने के उपरान्त उसका परीक्षण करते हुए तदानुसार अवगत कराये।
6– अध्यक्ष/सदस्य, तकनीकी जांच समिति, मेरठ, को अनुपालनार्थ।
7– श्री सन्दीप शर्मा, अवर अभियन्ता, द्वारा अधिशासी अभियन्ता, प्र0ख0 लो0नि0वि0 मेरठ।

7/8/23

आयुक्त,
मेरठ मण्डल, मेरठ।